पत्र सं0-बी0/मु0स्था0-05-14/2013................/जे0

**बिहार सरकार**

**विधि विभाग**

प्रेषक,

**अनिल कुमार सिंह,**
सरकार के अवर बिहार, पटना।

सेवा में,

**निदेशक (प्रकाशन),**
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

**पटना, दिनांक..............**

**विषय:- प्रेस विज्ञप्ति के संबंध में।**

-----

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सन्दर्भ में कहना है कि विधि विभाग, बिहार, पटना (मुख्यालय) में कार्यालय परिचारी के एक पद के लिए संविदा/अनुबंध के आधार पर नियोजन हेतु राज्य सरकार के सेवा निवृत्त/सेवा निवृत्त होने वाले इच्छुक कार्यालय परिचारी से स्वहस्ताक्षरित आवेदन-पत्र आमंत्रित किया जाना है। एतदसंबंधी प्रेस विज्ञप्ति का प्रारूप पाँच प्रतियों में प्रकाशन हेतु संलग्न है।

कृपया इसे राज्य के मुख्य दैनिक समाचार-पत्रों में अविलम्ब प्रकाशित कराया जाय तथा प्रेस कतरण सहित इसकी सूचना शीघ्र इस विभाग को भेजी जाय।

**अनु0-यथोक्त।**

विश्वासभाजन

**ह0/-अनिल कुमार सिंह**

सरकार के अवर सचिव, बिहार।

**ज्ञाप संख्या**.......9017..........**/जे0,** **पटना, दिनांक**...20/12/13

प्रतिलिपि:- प्रेस विज्ञप्ति एवं आवेदन-पत्र विहित प्रपत्र सहित विभागीय आई0टी0 प्रबंधक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. अनुरोध है कि प्रेस विज्ञप्ति एवं आवेदन-पत्र का प्रपत्र विभागीय वेवसाईट पर डाउनलोड कर दें।

अनिल कुमार सिंह 20.12.13

**(अनिल कुमार सिंह)**

सरकार के अवर सचिव, बिहार।
20/12/13

E:\Sanjeet Kumar\BmuAsta06-04-2011.doc

**बिहार सरकार**

**<u>विधि विभाग</u>**

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संकल्प सं0-2401 दिनांक-18.07.2007 एवं संकल्प सं0-8025 दिनांक-21.05.2013 में विहित प्रक्रिया एवं मार्गदर्शक सिद्धांतों के आलोक में विधि विभाग (मुख्यालय), बिहार, पटना में कार्यालय परिचारी के रिक्त एक पद के लिए संविदा के आधार पर नियोजन हेतु निम्नलिखित अहर्त्ता/शर्त्तों के अधीन राज्य सचिवालय के कार्यालय परिचारी के पद से सेवानिवृत्त/सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों से स्वहस्तलिखित आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है:-

1. (क) **<u>नियुक्ति की अहर्त्ता:- (i)</u>** राज्य सचिवालय के अधीन कार्यालय परिचारी के पद से सेवानिवृत्त/दिसम्बर, 13 माह में सेवा निवृत्त होने वाले, साईकिल चलाने में सक्षम तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ्य कार्यालय परिचारी नियोजन हेतु योग्य होंगे।

(ii) आवेदक को गेस्टेटनर मशीन, डुप्लों मशीन चलाने में दक्ष होना चाहिए तथा इन्हें विद्युत सम्बन्धी कार्य करने का भी अनुभव होना चाहिए।

(iii) उक्त पद के लिए उम्मीदवार की अधिकतम उम्र सीमा विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि को 64 वर्ष के अन्दर होना चाहिए।

(iv) विधि विभाग में सेवा निवृत्त कार्यालय परिचारी को नियोजन में प्राथमिकता दी जायेगी।

(v) इच्छुक उम्मीदवार को प्रवेशिकोर्त्तीण होना आवश्यक होगा।

2. संविदा पर नियोजन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्गत निदेशों के अनुसार अधिकतम एक वर्ष के लिए होगा।

3. चयनियत कर्मी के पारिश्रमिक का निर्धारण सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या-2401 दिनांक-18.07.2007 में विहित प्रावधान के आलोक में किया जायेगा।

4. संविदा के आधार नियोजित व्यक्ति सरकारी सेवक नहीं माने जायेंगे और सरकारी सेवक को अनुमान्य किसी भी सुविधा के हकदार नहीं होंगे। संविदा के

आधार पर नियोजन के पश्चात् सरकारी सेवा में नियमितिकरण का उनका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

5. संविदा अवधि की समाप्ति के पूर्व यदि नियोजित व्यक्ति का पुर्ननियोजन नहीं होता है तो वैसी स्थिति में निर्धारित तिथि को उनका अनुबंध स्वत: समाप्त समझा जायेगा एवं इसके लिए अलग से कोई आदेश निर्गत किया जाना आपेक्षित नहीं होगा।

6. संविदा अवधि समाप्ति के पूर्व उभय पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना देकर सेवा समाप्त की जा सकेगी।

7. आवेदन पत्र (विहित प्रपत्र में) स्वहस्तलिखित तथा उम्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र के साथ ही स्वीकार्य होगा।

8. इच्छुक सेवा निवृत्त दिसम्बर' 2013 माह में सेवा निवृत्त होने वाले कार्यालय परिचारी विहित प्रपत्र में स्वहस्तलिखित आवेदन-पत्र उम्र तथा अनुभव प्रमाण पत्र के साथ अवर सचिव (प्रभारी स्थापना), विधि विभाग, बिहार, पुराना सचिवालय, पटना को स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक अथवा हाथों- हाथ द्वारा समर्पित करेंगे। आवेदन पत्र विज्ञापन प्रकाशित होने के 15 दिनों के अन्दर अपराह्न 5.00 बजे तक प्राप्त होना चाहिए। डाक में हुए विलम्ब के लिए विभाग जिम्मेवार नहीं होगा।

9. नियोजन हेतु काउन्सिलिंग एवं साक्षात्मकर के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

10. आवेदन पत्र का विहित प्रपत्र विधि विभागीय बेबसाईट (www.law.bih.nic.in) से डाउनलोड किया जा सकता है।

20.12.13

(अनिल कुमार सिंह)
सरकार के अवर सचिव,
विधि विभाग, बिहार।

## आवेदन पत्र का प्रारूप

**कार्यालय परिचारी के रिक्त एक पद के विरुद्ध संविदा पर नियोजन हेतु आवेदन पत्रः-**

| |
|---|
| स्वअभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज का फोटा चिपकाना है। |

1. आवेदक का नाम :- ..................................
2. आवेदक के पिता/पति का नाम :- ..............................
3. स्थायी पता :- ..................................
   ...............................................................................
4. पत्राचार का पता :- ....................................
   ...............................................................................
5. टेलीफोन/मोबाइल नं0 :- ....................................
6. आवेदक की जन्म तिथि/सेवा निवृत्त तिथि :- ................................................
   (जन्म तिथि से सम्बन्धित प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न)
7. कार्यालय/विभाग का नाम जहाँ से सेवानिवृत्त हुए हैं :- ................................................
8. सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त होने वाला वेतन एवं अन्य मद में कुल प्राप्त होने वाली राशि :- ................................................
9. वर्त्तमान में पेंशन की राशि :- ................................................
10. पी0पी0ओ0 नं0 :- ................................................

### घोषण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि आवेदन-पत्र में दी गई सभी सूचनायें मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है। मेरे द्वारा न तो कोई सूचना छिपाई गई है, और न ही अनुचित ढंग से प्रस्तुत की गई है। यदि भविष्य में किसी स्तर पर दी गई सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पायी जाती है तो मेरी उम्मीदवारी/नियोजन बिना किसी पूर्व सूचना के ही अस्वीकृत/समाप्त की जा सकती है।

**आवेदक का हस्ताक्षर एवं तिथि**